R.N.I.No. 22705 / 72

# सरसवाणी

वर्षः 50 | अंक : 09 | .सितम्बर 2020 | सं. 2077 भाद्रपद | लागत मूल्य : ₹ 6

## वार्षिक साधारण सभा की सूचना

माहेश्वरी प्रगति मण्डल , मुम्बई के सभी सदस्यगण,

माहेश्वरी प्रगति मण्डल की 62 वीं वार्षिक साधारण सभा शनिवार, दि. 26 सितम्बर 2020 को सायं 5 बजे ZOOM APP. पर मुम्बई में होगी जिसमें निम्नलिखित विषयों पर विचार होगा :-

1. कार्यकालिक वृतान्त की स्वीकृति प्रदान करने के सम्बन्ध में ।
2. 31 मार्च 2020 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लेखा परीक्षक द्वारा ऑडिट किये गये हिसाब की स्वीकृति प्रदान करने के सम्बन्ध में ।
3. 31 मार्च 2021 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए लेखा परीक्षक (ऑडिटर्स) की नियुक्ति एवम् उनका पारिश्रमिक निर्धारित करना ।
4. मण्डल विधान की धारा 4.9 (b) के अन्तर्गत वर्तमान व्यवस्थापिका सभा सत्र 2018-2020 का कार्यकाल एक वर्ष के लिये बढ़ाने के सम्बन्ध में ।

५. मण्डल विधान संशोधन के सम्बन्ध में । (Amendment / alteration of Object Clause being Clause III of Memorandum of Association of Mandal by substituting the same with the New Object Clause.)

6. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से ।

मुम्बई
दिनांक 25 अगस्त 2020

व्यवस्थापिका सभा के आदेशानुसार
**प्रमोदकुमार देवपुरा - मंत्री**

**नोट :** 1. मण्डल का कार्यकालिक वृतान्त , ऑडिटेड हिसाब, बेलन्स शीट आदि एवं विधान संशोधन हेतु New Object Clause का प्रारुप मण्डल की Website: www.mumbaimaheshwari.com एवं अगस्त 2020 ई - सरसवाणी पर भी उपलब्ध है।

2. कोरोना महामारी व लॉकडाऊन की स्थिति के कारण नये सत्र 2020-2022 के व्यवस्थापिका

(शेष पृष्ठ २ पर)

## वार्षिक साधारण सभा की सूचना

(पृष्ठ 1 का शेष)

सभा के चुनाव की प्रक्रिया में कई सारी कठिनाईयाँ है । इस बात के मद्देनजर व्यवस्थापिका सभा की दिनांक 12.07.2020 की बैठक में सत्र 2018-20 का व्यवस्थापिका सभा का कार्यकाल एक वर्ष के लिये बढ़ाने हेतु प्रस्ताव स्वीकृत करके विधान की धारा 4.9 (b) के अन्तर्गत वार्षिक साधारण सभा में सदस्यों द्वारा पारित करने हेतु विचारार्थ रखा गया है।

3. Ammendment/alteration of Object clause (Agenda item No.5) Pursuant to the amendments in the Income Tax Act,1961(Act) by the Finance Act, 2020, the registration of all the Charitable Trusts, which include our Mandal also, shall become inoperative on and from 1st June, 2020 (which has since been extended to 1st October, 2020) and the provisions of section 11 and 12 of the Act relating to exemption of the income of any trust shall not apply unless the trust applies for registration again within three months from the date of the said registration becoming inoperative as aforesaid (i.e., 1st October, 2020). Further there have been certain changes in the Act relating to the definition of “Charitable purpose” in recent years, and keeping in view, interalia, the likely future activities of the Mandal and to synchronise all such things, it is proposed to ammend / alter the object clause of the Mandal’s Memorandum of Association, being clause III thereof by substituting the same with the New object clause. This has been approved by the Managing Committee vide its resolution dated Wednesday 19th August, 2020 and by the Trust Board vide its resolution dated Monday 24th August 2020 and is now proposed for the Consideration of members before the Annual General Meeting for passing the necessary resolution under clause 11.5 (b) read with clause 2.10 of the Vidhan of the Mandal.

चिकित्सा सहायता कोष
(माहेश्वरी प्रगति मण्डल, मुम्बई के अन्तर्गत)
चिकित्सा हेतु आर्थिक सहायता दी जाती है।
आवेदन, पूर्ण विगत के साथ मंत्री, चिकित्सा सहायता कोष के नाम निम्न पते पर प्रेषित करें।
माहेश्वरी भवन, 603, जगन्नाथ शंकर शेठ रोड, गिरगांव, मुम्बई - 400 002
• दूरध्वनि : 22005026 /27 /28 /33 /36 • फैक्स : 22018834
Email : info@mpmmumbai.in Website : www.mumbaimaheshwari.com

प्रिय स्वजनों,
जय श्री कृष्ण।

आज का विषय, सामाजिक कम और आध्यात्मिक व वास्तविकता पर लिखने का प्रयास है।

क्या किसीने स्वर्ग या नरक देखा है, नहीं ना, क्यूंकि जो चला जाता है वह कभी वापस नहीं आया बताने के लिये की कैसा है स्वर्ग या नरक। ये तो हमें पैदा होते ही शिक्षा दी जाती है, कभी कहानियों में तो कभी दादा दादी से तो कभी माता पिता से तो कभी संत महात्माओं से कि, स्वर्ग ऐसा है, वहां ये है-वो है, सुख ही सुख है और नरक में घोर अँधियारा है और कष्ट ही कष्ट है। हम जब कैलाश मानसरोवर या कश्मीर की वादियां या फिर स्विट्जरलैंड के बर्फीले चट्टानों को देखते हैं तो सोचने लगते है कि स्वर्ग भी तो ऐसा ही होगा। यह सब युगो युगों से चले आ रहे काल्पनिक दृश्य हैं जो हमारे मन मस्तिष्क में अंकित है । हम सच में, ये भी नहीं जानते कि स्वर्ग है भी या नहीं और अगर है तो कहां है, बस जैसे ही कोई स्वर्ग का नाम लेता है तो आसमान की ओर हम देखते हैं कि मानो जैसे हमे स्वर्ग के दर्शन हो रहे हो। नरक का नाम कोई नहीं लेता है क्यूंकि नरक के नाम से सब डरते हैं और डरावने चित्र आँखों के सामने आ जाते हैं और वैसे भी वहां कौन जाना चाहेगा।

पर वास्तविकता कुछ और ही है। हम पैदा होने से हमारी मृत्यु तक स्वर्ग को पाने के चक्कर में जो की हम जानते भी नहीं कि स्वर्ग कैसा और कहां है, हमारे इस जीवन को जो भगवान का दिया हुआ इतना अनमोल तोहफा है और जो सही मायने में स्वर्ग को प्राप्त करने का यंत्र है उसे हम नरक बना देते हैं।

आपको लग रहा होगा कि मैं कोई प्रवचन दे रहा हूं पर यह सच्चाई है। हम जीवन भर बिना सोचे समझें भागते रहते हैं, ना बीते हुए कल का पता, ना आज का पता और ना ही आनेवाले कल का पता। किसके लिये ? बस यही कि हमारे मरने के बाद हमारे लिये स्वर्ग के द्वार पर स्वयं भगवान खड़े रहे हमारे स्वागत के लिये। मित्रों, स्वर्ग कहीं नहीं बल्कि यहीं पृथ्वी पर है और जिसे हम समझ नहीं पा रहे हैं, देख नहीं पा रहे हैं।

स्वर्ग कोई निर्धारित जगह नहीं है बल्कि हमारे जीवन जीने की कला, हमारे कर्म, हमारा व्यवहार, हमारा आचरण, हमारा लोगो के साथ का व्यवहार, हमारे माता पिता, घर परिवार वालों के प्रति मान सम्मान, सुखी दाम्पत्य जीवन, बच्चों के प्रति स्नेह और प्यार, इत्यादि हमारे जीवन को जीते जी पृथ्वी पर ही हमारा स्वर्ग बनाता है और जो इसके विपरीत करता है उसका जीवन नरक बन जाता है।

ऐसा नहीं है कि आप यह अब पहली बार पढ़ रहे है या पहले किसी से सुना नहीं है। अवश्य पढ़ा भी है और हर कथा कहानी में, घर के बुजुर्गों से, संतों द्वारा सुना भी है पर हम इसे अपना नहीं पाते, हमारे जीवन प्रणाली के कारण। कहते है ना कि, शमशान जाते है तो ये सब याद आता है लेकिन बाहर निकलते ही फिर से वही दुनियादारी और मोह माया के जाल में फंस जाते है। पर शायद अब ऐसा नहीं हो रहा है क्यूंकि गत ६ महीनों में ऊपरवाले ने हर इन्सान को अपने जीवन की, अपने रिश्तों की और घर परिवार की क्या अहमियत है उसके बारे में बहुत कुछ सोचने का, समझने का वक़्त दिया है। और इसके बाद भी अगर कोई नहीं समझ पाये तो उसका दुर्भाग्य ही समझा जायेगा।

तो मेरी सभी समाजबन्धुओं से प्रार्थना है के रूकिये, ठहरिये, समझिये की हम कहां जा रहे हैं, क्या कर रहे हैं, क्या जो भी कर रहे है वह ठीक है क्या? अगर नहीं तो अभी भी वक़्त है घर को स्वर्ग बनाने का क्यूंकि ईट मिट्टी से तो घर बनते है और उस घर में रहनेवालों से वह घर स्वर्ग बनता है। कुछ वर्षों पहले मण्डल के पूर्व अध्यक्ष श्री रमेशजी मरदा ने युवाओं को एक नारा दिया था...

**'आचार विचार सुधारेंगे, समाज को सवारेंगे !'**

**मैं आज समाज को एक नारा देता हूं -**

**'जीवन की अहमियत को समझेंगे, हर घर को स्वर्ग बनाएंगे !'**

**Life is simple. Live it or Leave it.**

जय महेश

विनम्र

अजय मंत्री-अध्यक्ष

दिनांक : 24 सितम्बर 2020

**मध्य मुम्बई क्षेत्रीय महिला समिति द्वारा**

# मुखवास - कार्यशाला

**प्रशिक्षिका – सुश्री माधुरीजी डागा**

**सोमवार दिनांक 5 अक्टूबर 2020 अपराह्न 3 से 4.30 बजे तक**

**Zoom App पर**

**Zoom id एवं Password शीघ्र ही प्रेषित किये जायेंगे।**

**कृपया अधिक जानकारी के लिये सम्पर्क करें।**

**मंजु राठी – 97696 96722**

**सुषमा जाजु – संयोजिका – 93200 56000**

## मुलुण्ड क्षेत्रीय महिला समिति द्वारा आयोजित वेबिनार

### विषय : Naturopathy and Raw Food

### वक्ता : श्रीमती अंजनाजी राठी

बुधवार दि. 30 सितम्बर 2020, सायं 4 बजे से

*Personality development* में *Raw Food* की बहुत उपयोगिता है।

कृपया आप सभी इस Webinar में अवश्य भाग लेवें।

अधिक जानकारी के लिये कृपया सम्पर्क करें।

ज्योति मुन्दडा – 98695 49070

पूनम राठी - सह संयोजिका – 97028 88551

## घाटकोपर क्षेत्रीय महिला समिति द्वारा

### नवरात्रि के उपलक्ष्य में

# नवरंग -क्वीज

बुधवार दिनांक 14 अक्टूबर 2020 अपराह्न 3.30 बजे से

**Zoom App** पर

Zoom id एवं Password शीघ्र ही प्रेषित किये जायेंगे।

*माता के नौस्वरुप एवं नौशक्ति का नवरस व नवचैतन्य के साथ अवश्य ही आनन्द लीजिए।*

कल्पना लोहिया - संयोजिका - 93230 08960

## मलाड क्षेत्रीय महिला समिति द्वारा

### Online Session on GRAPHALOGY by

श्रीमती शीतलजी लड्ढा एवं श्रीमती चंचलजी राठी

(Graphologist & PoH Grapho Trainers)

- Handwriting and Signature reveals your personalities & Identity
- What is Graphology
- Interesting facts of Signature
- Understand the traits in handwriting
- Practice Specific Cardio Grapho Patterns for healthy heart function
- Many more patterns for reducing Stress, increasing Will Power & Concentration

4th October 2020
4pm to 5pm
On Zoom App.

मीनू सोनी – संयोजिका – 93242 33820

# श्री श्रीराम तापड़िया स्मृति सेवा कोष
## सामाजिक चेतना-विचार गोष्ठी - पंचम पुष्प सम्पन्न

रविवार दि. 30 अगस्त 2020 को मण्डल द्वारा, श्री श्रीराम तापड़िया स्मृति सेवा कोष के अन्तर्गत सामाजिक चेतना, विचार गोष्ठी - पंचम पुष्प का आयोजन वेबिनार के माध्यम से सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ।

मण्डल अध्यक्ष श्री अजयजी मंत्री द्वारा भगवान को माल्यार्पण करने के पश्चात् अध्यक्ष महोदय एवम् तापड़िया परिवार के सदस्यों ने भाईजी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। तापड़िया परिवार की सुश्री नन्दिनी शरदजी तापड़िया, सुश्री तनुश्री एवम् मैत्री मुकुलजी तापड़िया द्वारा 'हमको मन की शक्ति देना' एवम् तत्पश्चात् श्रीमती सीमाजी साबू ने 'सबका मंगल होय रे' व सुश्री प्रेरणा राजेशजी डागा ने 'वैष्णव जन तो तेणे कहिये' भजनों की सुन्दर प्रस्तुति की जिससे सभी को शांत व भक्तिमय वातावरण की अनुभूति हुई।

मण्डल अध्यक्ष महोदय ने सभी का स्वागत किया। मण्डल के पूर्व अध्यक्ष एवम् इस आयोजन के संचालक श्री रमेशजी मरदा ने पूज्य श्री भाईजी के जीवन का एवम् सामाजिक कार्यो का वृतान्त प्रस्तुत कर पुरानी यादें ताजा की। तत्पश्चात् आपने वर्तमान परिवेश की सामाजिक व आर्थिक चुनौतियां पर मार्गदर्शन करने हेतु पधारे RBI के Ex. Dy Gov. एवम् मण्डल के मानद् सदस्य श्री सुभाषजी मुन्दड़ा का परिचय करवाया।

श्री सुभाषजी मुन्दड़ा का लगभग 50 मिनट का उद्‌बोधन बहुत ही सारगर्भित व समयोचित रहा। आपने सामाजिक व आर्थिक परिस्थितियों का योग्य आंकलन करते हुए वर्तमान परिवेश की सामाजिक व आर्थिक चुनौतियों का दर्शन करवाया तथा इसके दुष्परिणामों से हमें कैसे बचना चाहिये इसका छोटा सा परन्तु प्रभावशाली फार्मुला 'अतुलबन' के रूप में दिया।

**अ** - अपेक्षा मत करो (ज्यादा आशा न रखे)

**तु** - तुलना मत करो (परिवार में तुलना न करें)

**ल** - ललक बनाये रखे (शुभ की आकांक्षा करें)

**ब** - बतरस कम करे (बे फिजुल की बाते न करें)

**न** - ना कहना सीखे (अपनी इच्छाओं की सीमितता हेतु)

कोरोना महामारी के इस संकट में आर्थिक चुनौतियों का विश्लेषण करते हए श्री मुन्दडाजी ने कोरोना से सम्बन्धित पांच सूत्र दिये जो व्यापार व व्यवसाय में बहुत ही उपयुक्त है।

1. Clean your hands regularly.
   (Please do the Business with Ethics.)
2. Remain inside your home .
   (Do the Business within your Competency.)
3. Live within your means.
   (Don't borrow much, Loan should be within our limit.)
4. No shake hands only Namaste .
   (Do not invest in all fields.)
5. If you have Fever, Cough & Cold, take Doctor's advice.
   (Take advice of Experts, Bankers & your Partners.)

आपने समाजबन्धुओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हए अपना उद्‌बोधन निर्धारित समय पर समाप्त किया। श्री रमेशजी मरदा ने समापन एवं मण्डल मंत्री श्री प्रमोदकुमारजी देवपुरा ने आभार व्यक्त किया।

**प्रमोदकुमार देवपुरा – मंत्री**

दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय महिला समिति द्वारा दि. 1 अगस्त 2020 को तीज सिंजारे के उपलक्ष्य में आयोजित वेबिनार सुचारू रुप से सम्पन्न हुआ जिसमें गीत संगीत एवं अन्ताक्षरी का सभी ने आनन्द लिया। लगभग 140 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।

समिति द्वारा दि. 18 सितम्बर 2020 को Microgreen Workshop का आयोजन वेबिनार के माध्यम से सम्पन्न हुआ। श्रीमती शर्मिलाजी झंवर ने बहुत ही उपयुक्त जानकारी दी जो सराहनीय थी। लगभग 150 बहनों की उपस्थिति रही।

**सुनीता राठी - संयोजिका**

घाटकोपर क्षेत्रीय महिला समिति द्वारा दि. 30 जुलाई 2020 को आयोजित तीज सिंजारा का आयोजन वेबिनार के माध्यम से सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित मनोरंजक गेम्स व गीत संगीत का उपस्थित 140 बहनो ने आनन्द लिया ।

**कल्पना लोहिया - संयोजिका**

बोरीवली क्षेत्रीय महिला समिति द्वारा दि. 8 अगस्त 2020 को वेबिनार द्वारा आयोजित श्री कृष्ण श्रृंगार कार्यशाला सुचारु रुप से सम्पन्न हुई। श्रीमती चंचलजी राठी का मार्गदर्शन बहुत ही सराहनीय रहा। लगभग 170 बहनों ने इसका लाभ लिया।

**सरोज लड्ढा - संयोजिका**

घाटकोपर क्षेत्रीय समितियों द्वारा दि. 12 अगस्त 2020 को आयोजित जन्माष्टमी उत्सव वेबिनार के माध्यम से हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समाजबन्धुओं द्वारा समधुर भजनों की प्रस्तुति हई। श्री कृष्ण के जीवन पर आधारित Quiz का भी सभी ने आनन्द लिया। लगभग 150 समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही।

**राजेश लोया - संयोजक**

दक्षिण मुम्बई क्षेत्र की तीनों समितियों द्वारा दि. 15 अगस्त 2020 को Supply Chain Management of Dabbawala & Paperwala इस विषय पर आयोजित वेबिनार में डॉ. पवनजी अग्रवाल ने बहुत ही उपयुक्त जानकारी दी। लगभग 60 समाजबन्धुओं ने इस आयोजन का लाभ लिया।

**हर्षद केला - संयोजक**

केन्द्रीय महिला समिति द्वारा सभी क्षेत्रीय महिला समितियों के संयुक्त तत्वावधान में दि. 18 अगस्त 2020 को आयोजित नन्दोत्सव का आयोजन वेबिनार के माध्यम से बड़े ही हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। श्री कृष्ण लीला पर आधारित मनमोहक नृत्य प्रस्तुति का सभी ने आनन्द लिया। लगभग 1000 से अधिक बहनों की उपस्थिति रही।

**सरोज सोनी - संयोजिका**

अंधेरी क्षेत्रीय महिला समिति द्वारा दि. 19 सितम्बर 2020 को कोरोना महामारी के दरम्यान अंतर्मन की बात कविता पठन के साथ कविता पठन प्रतियोगिता का आयोजन बहुत ही हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। कुल 34 कवियों ने भाग लिया जिसमें प्रथम 12 कवियों को पुरस्कृत किया गया। लगभग 280 व्यक्तियों ने कवि सम्मेलन का आनन्द लिया। श्रीमती सुप्रिया राजेशजी दरक का मंच संचालन सराहनीय रहा।

**कांता मालपानी - संयोजिका**

मालाड क्षेत्रीय महिला समिति द्वारा श्रावण माह में प्रतिदिन शिवपुराण कथा लिखकर प्रसारित की गयी। श्रीमती विद्याजी कांकाणी का सहयोग सराहनीय रहा। लगभग 140 समाजबन्धुओं ने इसका लाभ लिया।

**मीनू सोनी - संयोजिका**

**COVID 19 के मद्देनजर गिरगांव भवन तथा अंधेरी भवन पर मेडिकल सहायता हेतु Medical Equipments निम्नानुसार उपलब्ध है। समाजबन्धु इनका लाभ ले सकते हैं।**

1) Oxygen Cylinder
2) Oxygen concentrator
3) Bipap machine
4) Cpap machine
5) Adjustable medical bed
6) Wheel Chair
7) Saline stand

**संपर्क : गिरगांव भवन (022 22005026 / 27 / 28) • अंधेरी भवन - 022-26374253 / 56 / 57)**

श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम

## श्रीजी शरण

1) मण्डल के आजीवन सदस्य श्री घनश्यामजी पसारी की धर्म पत्नी एवं श्री सुभाषजी व सुरेशजी पसारी की पूजनीय माताजी श्रीमती रामेश्वरीदेवी पसारी (मण्डल सदस्या) का वैकुण्ठवास दि. 31 अगस्त 2020 को 67 वर्ष की आयु में मालाड में हो गया।
2) मण्डल के आजीवन सदस्य श्री श्यामसुन्दरजी, श्री मनमोहनजी एवं श्री श्रीवल्लभजी दम्मानी की पूजनीय माताजी श्रीमती नर्बदादेवी जयकिशनजी दम्मानी (मण्डल सदस्या) का वैकुण्ठवास दि.30 अगस्त 2020 को 82 वर्ष की आयु में नरिमन पॉइन्ट , मुम्बई में हो गया।
3) मण्डल के आजीवन सदस्य श्री प्रहलादजी, श्री संपतकुमारजी एवं श्री प्रशान्तजी भट्टड की पूजनीय माताजी श्रीमती सुलोचनादेवी मुरलीधरजी भट्टड का वैकुण्ठवास दि. 26 अगस्त 2020 को 76 वर्ष की आयु में बोरीवली मे हो गया।
4) मण्डल के आजीवन सदस्य श्री अनिलजी, श्री संदीपजी एवं श्री प्रवीणजी तोषनीवाल के पूजनीय पिताजी श्री सत्यनारायणजी तोषनीवाल (मण्डल सदस्य) का वैकुण्ठवास दि. 4 जुलाई 2020 को 80 वर्ष की आयु में कांदिवली में हो गया।

भगवान महेश दिवंगत आत्मा को चिरशान्ति प्रदान करें।

\- मंत्री

श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम

स्थापना 1957
अविरत समाज सेवा

Post Reg.No.MCS/047/2020-21 RNI No. 22705/72 Posted at Mumbai Patrika Channel Sorting Office, GPO. Mumbai 400 001. Published on 15th of every month & posting on 16th / 17th of every month.

# अंधेरी भवन एवं गिरगांव भवन के सम्बन्ध में सूचना

## अंधेरी भवन (022 26374253 /56/57)

- कोरोना महामारी (Covid 19) के मद्देनजर अंधेरी भवन के हाल का आरक्षण अर्ध / पूर्ण दिवस के लिए रियायती दरों पर किया जा सकता है। (कृपया अधिक जानकारी के लिए भवन में सम्पर्क करे।)
- सम्पूर्ण भवन सेनेटाइज व स्वच्छ / Disinfected किया गया है।
- कुछ कमरे समाजबन्धुओं के लिए (Not for Covid 19 Patients) QUARANTINE हेतु सुरक्षित रखे है।
- एक कमरे में एक कपल (दो व्यक्ति ) रह सकते है।
- नास्ता, भोजन, गरम पानी , निम्बू रस, आयुर्वेदिक काढा आदि की व्यवस्था कमरे में रहने वालों के लिए सशुल्क उपलब्ध करवाई गई है।
- महाराष्ट्र शासन एवं BMC के निर्देशों का पालन आरक्षण कर्ता को करना अनिवार्य (MANDATORY) है, अन्यथा आरक्षण रद्द किया जा सकता है।

**संदीप परवाल** - 98203 15045
संयोजक - अंधेरी भवन व्यवस्था समिति

## गिरगांव भवन (022 22005026 /27/28)

- गिरगांव भवन के 3 व 6 मंजिल के कुल 8 (आठ) कमरों का आरक्षण किया जा सकता है।
- 4,5,7, एवं 8 मंजिल के कमरों का उपयोग BMC द्वारा QUARANTINE सेन्टर हेतु हो रहा है।
- भवन में चाय, नास्ता एवं भोजन की व्यवस्था नही है। निकटतम् भविष्य में यह व्यवस्था प्रारम्भ करवाई जाएगी ।
- महाराष्ट्र राज्य शासन एवं BMC के निर्देशों का पालन आरक्षण कर्ता को करना अनिवार्य (MANDATORY) है, अन्यथा आरक्षण रद्द किया जा सकता है।

**लक्ष्मीनारायण मून्दडा** - 93240 23777
संयोजक - गिरगांव भवन व्यवस्था समिति

# सरसवाणी

Printed, published & edited by Vishnu Madanlal Malpani on behalf of **Maheshwari Pragati Mandal,** printed at Sundaram Art Printing Press, 12, Wadala Udyog Bhawan, Naigaum X road, Wadala,Mumbai – 400 031 & published from Maheshwari Bhawan, 603, J.S.S. Road, Girgaum, Mumbai – 400 002 **टे.: 022 - 2200 5026 / 27 /28 फैक्स.: 22018834**
**website.**www.mumbaimaheshwari.com **Email:**info@mpmmumbai.in **Editor:**Vishnu Madanlal Malpani

**if not delivered please return at : Maheshwari Bhawan, 603, J.S.S. Road, Girgaum, Mumbai – 400 002**